मूल्य 1 रु.

वर्षः 11 - अंक : 239, मुंबई, गुरुवार, 11 नवंबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




# जनता पर महंगाई की एक और मार





**मुंबई।** होटल संचालकों के आहार संघ के अध्यक्ष शिवानंद शेट्टी ने बताया कि अगर आपको कुछ भी सेलेब्रेट करना हो तो आप होटल और रेस्तरां से खाने पीने की चीजें मंगाते हैं। पर अब यह मुश्किल होगा, क्योंकि होटल और रेस्टोरेंट में खाने-पीने की चीजों के दाम 30 फीसदी तक बढ़ जाएंगे। ईंधन की कीमतों में बढ़ोत्तरी के बाद सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि अब उपभोक्ताओं को प्रभावित करेगी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय सूर्य प्रकाश शर्मा (एस पी) शर्मा की श्रद्धांजलि सभा कल पत्रकार विकास संघ के कार्यालय में रखी गई। इस अवसर पर उनके पुत्र सचिन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र श्रीवास्तव, संघ के अध्यक्ष आनंद मिश्र, महासचिव अजय सिंह, समीउल्लाह खान, जय सिंह, अर्जुन कांबले, फरीद शेख, दिलशाद खान, सत्यप्रकाश तिवारी आदी पत्रकारों ने श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

## एंटॉप हिल में तीन झोपड़ा ढहे



**मुंबई।** एंटॉप हिल के कोकरी आगार स्थित महाराष्ट्र नगर में मंगलवार की सुबह एक झोपड़ा गिर गया। झोपड़ा गिरने के समय दो अन्य झोपड़ों पर भी गिरा, जिससे तीनों झोपड़े पूरी तरह ध्वस्थ हो गए। झोपड़े के मलवे में नौ लोग दब गए थे। दमकल जवानों ने मलवे में दबे लोगों को बाहर निकाला। मलवे में दबे पांच लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दो लोगों ने अस्पताल में भर्ती होने से इंकार किया। तीन लोगों को सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार सायन कोलीवाड़ा एंटॉप हिल के कोकरी आगार, जय महाराष्ट्र नगर झोपड़पट्टी चर्च गली में सुबह 8.10 बजे तीन घर धरासाई हो गए।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



## एसटी के 376 कर्मचारी निलंबित

**मुंबई।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन महामंडल (एसटी) के कर्मचारियों के खिलाफ सरकार ने सख्त रवैया अपनाया है। मिली जानकारी के अनुसार राज्यभर के 376 कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। ऐन त्यौहार के वक्त एसटी कर्मचारियों की हड़ताल से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर राज्य के ग्रामीण क्षेत्र, जहां गंतव्य तक पहुंचने का एकमात्र सहारा एसटी बसें ही हैं। एसटी कर्मचारी महामंडल का विलय राज्य सरकार के साथ करने की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। हड़ताल के 13वें दिन अधिकांश डिपो से बसों का संचालन नहीं हो पाया। एसटी कर्मचारियों की हड़ताल के मद्देनजर, महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार शाम से निजी बसों, स्कूल बसों, माल वाहनों और अनुबंध कैरिज बसों को यात्रियों को ले जाने की अनुमति दी है।

## समीर वानखेड़े ने मलिक के आरोप को बताया गलत बोले- दस लाख के नकली नोट पकड़े गए थे

**मुंबई।** नवाब मलिक ने यह भी आरोप लगाया था कि 7 अक्टूबर 2017 को 14 करोड़ रुपए के जाली नोट पकड़े गए थे। उस समय डीआरआई में समीर वानखेड़े तैनात थे। हालांकि देवेंद्र फडणवीस के कहने पर उन्होंने इस मामले को रफा-दफा कर दिया था और सिर्फ कुछ लाख रुपए के जाली नोट पकड़ने की बात सामने आई थी। इस आरोप पर समीर वानखेड़े ने अनौपचारिक रूप से यह बताया है कि नवाब मलिक का आरोप गलत है और जब यह कार्रवाई हुई थी तब सिर्फ दस लाख के जाली नोट पकड़े गए थे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



## हैदर आजम बोले- पांच दिन बाद फोड़ूंगा न्यूक्लियर बम

### मलिक और दाऊद के रिश्तों का होगा खुलासा

**मुंबई।** बीजेपी नेता हैदर आजम ने कहा कि नवाब मलिक ने हाइड्रोजन बम का नाम लेकर सिर्फ छुरछुरी जलाई है। मैं पांच दिन बाद न्यूक्लियर बम फोड़ूंगा। उन्होंने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक विकास मंत्री नवाब मलिक के परिवार की एक महिला का कनेक्शन सीधा आईएसआई के साथ है। मैं इस बात को पूरे सबूत के साथ मीडिया के सामने पेश करूंगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मालवणी इलाके में बांग्लादेश के लोगों को पनाह देने का काम कांग्रेस के मौजूदा मंत्री असलम असलम शेख कर रहे हैं।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# छठ की आवाज

छठ इस संसार में अपनी तरह का अकेला ऐसा लोकपर्व है, जो अपनी व्यंजना में बहुआयामी है। धार्मिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक, आर्थिक, सामाजिक आयाम की सबसे ज्यादा प्रबलता है। सूर्य इस त्योहार का केंद्र हैं। सूर्य जीव जगत के आधार हैं। सूर्य के बिना कोई भी भोग-उपभोग संभव नहीं है। अतः सूर्य के प्रति आभार प्रदर्शन के लिए छठ या सूर्य षष्ठी व्रत मनाया जाता है, तो कोई आश्चर्य नहीं। सूर्य उन क्षेत्रों के लिए सबसे उपयोगी देव हैं, जहां पानी की उपलब्धता ज्यादा है। पूर्वांचल में नदियों का जाल बिछा हुआ है, ऐसे में सूर्य से ताप लेना जीवन के लिए सबसे जरूरी हो जाता है। हमारी सूर्य केंद्रित संस्कृति कहती है कि वही उगेगा, जो डूबेगा। अतः छठ में पहले डूबते और फिर अगले दिन उगते सूर्य की पूजा स्वाभाविक है। व्रत करने वाला जब भगवान दिनकर से ताप मांगने या आभार जताने घर से निकलता है, तो किसी तालाब, नदी के तट पर ही जाता है। अर्थात हे सूर्य, आपने जल दिया है, उसके लिए आभार, लेकिन आप अपने ताप का आशीर्वाद भी हम पर बनाकर रखें। निरोग रहने के लिए भी सूर्य की बड़ी जरूरत है। सूर्य रोगनाशक शक्ति हैं। अक्सर लोग छठ महापर्व के समय स्वास्थ्य को लेकर भी प्रार्थना करते हैं। जिस दौर से यह दुनिया गुजरी है, उसमें न जाने कितनों के साथ बहुत बुरा हुआ है। लोग आज भी उन दिनों की टीस से उबरने की कोशिशों में हैं। ध्यान आता है, जब कोरोना का उभार हुआ था, तब लोग आश्वस्त थे कि एक बार सूर्य की तपन बढ़ेगी, तो कोरोना वायरस नष्ट हो जाएगा। यह जो हमारा भ्रम था, वह सूर्य के प्रति हमारी आशा का ही फल था। हालांकि, सूर्य के प्रति हमारी आशा का कोई विकल्प भी नहीं है। पिछली बार छठ का आयोजन भी कोरोना से प्रभावित हुआ था, लेकिन इस बार घाटों पर रौनक लौट आई है। लोगों को पूरा विश्वास है कि छठ पर्व और सूर्य की पूजा से टूटे दिलों को भी पूरी ताकत मिलेगी। सूर्य के पास जाना आज जितना जरूरी है, उतना कभी नहीं था। कोरोना के समय महीनों तक घरों में बंद रहे लोगों को धूप की बड़ी जरूरत है। भारत में यह समग्र आकलन नहीं हुआ है, लेकिन यह एक बुनियादी तथ्य है कि सूर्य के बिना भारत की जैव विविधता, जीवन और स्वास्थ्य का मेल नहीं बन सकता। आधुनिक जीवन की मजबूरी में जब अक्षय ऊर्जा की बात होती है, तब लोगों की नजर सूर्य की ओर ही जाती है। मतलब किन्हीं अर्थों में सूर्य हमारे अतीत ही नहीं, भविष्य भी हैं। ऐसे सूर्य की पूजा का व्रत छठ आधुनिक रूप से भी उपयोगी है। छठ का एक संकल्प देखिए, हे सूर्य देव, आपने अन्न, सब्जियां, फल, फूल, जल, दूध दिए, आपने जो भी दिया, हम वे सब आपको अर्पित कर रहे हैं, आप हम पर आगे भी कृपा बनाए रखें। हे सूर्य, हमें सक्षम बनाना, अगली बार हम आएंगे ज्यादा सामग्री, तैयारी के साथ आपको अर्घ्य देने के लिए। एक और बड़ी बात, इस दिन घाट पर कोई भेद नहीं रहता, न जाति, न धर्म, न गरीब, न अमीर। सारे लोगों का लक्ष्य एक ही होता है। छठ सदियों से स्वच्छता-पवित्रता का संदेश देने वाला पर्व है। अगर इसके इस पक्ष को भी हम ठीक से समझ लें, तो हमारा जीवन सुखमय हो सकता है। छठ हमें मितव्ययिता की भी शिक्षा देता है, जिसकी आज बहुत जरूरत है।

# पांच साल बाद नोटबंदी पर नजर



**कई अर्थशास्त्री बड़े नोटों को बंद करने को अच्छा विचार मानते हैं, लेकिन वे साल-डेढ़ साल की पूर्व सूचना देने तथा उच्च मूल्य के नये नोट जारी नहीं करने की सलाह भी देते हैं...**

**केवल** चार घंटे की पूर्व सूचना के साथ की गयी नोटबंदी के पांच साल पूरे हो गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ नवंबर, 2016 की रात आठ बजे घोषणा की थी कि आधी रात के बाद हजार और पांच सौ के सभी नोट वैध मुद्रा नहीं होंगे। इसके साथ ही 86 फीसदी मुद्रा को वापस ले लिया गया, पर तब तक नये नोट नहीं छापे गये थे। कुछ महीने तक भारतीय अपनी ही बचत तक नहीं पहुंच सके और शुरूआत में दो हजार के ही कुछ नोट जारी हुए, जिसका अधिक उपयोग नहीं था, क्योंकि उन्हें भंजाने के लिए पांच सौ के नये नोट उपलब्ध नहीं थे।

चार हजार की सीमित राशि निकालने के लिए लोग लंबी कतारों में बैंक और एटीएम के सामने लगे रहते थे। बैंक कर्मियों पर हमले और फसादों की घटनाएं भी हुईं और लोग मरे भी। लोगों की पूंजी छीनना एक कठोर और क्रूर नीतिगत पहल थी। पचास दिनों के बाद दिसंबर के अंत में सरकार ने एक अध्यादेश (बाद में कानून बना) पारित किया कि पुराने नोट रखना नशीले पदार्थ रखने की तरह अवैध है।

इस प्रकरण में इस हद तक विडंबना और दुख हैं कि हाल में पांच साल पहले की नोटबंदी से अनजान तमिलनाडु के कृष्णागिरि के एक नेत्रहीन वंचित व्यक्ति ने भीख मांग कर जमा किये गये 65 हजार रुपये की जीवनभर की जमापूंजी को बदलने का आग्रह जिलाधिकारी से किया। स्वाभाविक रूप से उसे मना कर दिया गया। ऐसे शायद लाखों लोग होंगे, जिन्हें इस स्थिति का सामना करना पड़ा होगा। फिर भी उस समय के सर्वेक्षणों में प्रधानमंत्री के उद्देश्य का खूब समर्थन दिखाया गया।

लोग, खास कर गरीब तबके, को पूरा भरोसा था कि इस पहल से बड़े लोगों की चोरी पकड़ी गयी है। प्रधानमंत्री का संदेश था कि जमा कर रखी गयी नगदी काला धन है और इस औचक ह्यसर्जिकल स्ट्राइकह्न से काला धन रखनेवाले सकते में आ गये हैं। अगर यह बात सही होती, तो बंद हुए नोटों का बहुत बड़ा हिस्सा बैंकिंग सिस्टम में वापस नहीं आता। यह बात पहले साठ दिनों में ही स्पष्ट हो गयी थी, जिसकी पुष्टि बहुत बाद में अगस्त, 2017 में रिजर्व बैंक ने की, कि 99 फीसदी से अधिक नगदी वापस आ गयी है।

यह वापसी अचरज नहीं थी, क्योंकि कुछ वर्षों के आयकर छापों और प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाइयों पर आधारित सरकार के अपने आंकड़े इंगित कर रहे थे कि गलत तरीके से कमाई गयी संपत्ति का लगभग 93 फीसदी हिस्सा बेनामी जमीनों, सोना, रियल इस्टेट, शेयर और विदेशी खातों में लगाया गया है। सो, केवल सात प्रतिशत काला धन ही नगदी के रूप में है। विभिन्न संगठनों, जैसे- आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी), यूरोपीय केंद्रीय बैंक आदि, तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री केन रॉगऑफ जैसे कई लोग उच्च कीमत के नोटों को बंद करने को अच्छा विचार मानते हैं, लेकिन उनकी भी राय है कि ऐसा करने से पहले साल-डेढ़ साल की पूर्व सूचना दी जानी चाहिए।

साथ ही, उच्च मूल्य के नये नोट भी जारी नहीं किये जाने चाहिए। अमेरिका में सबसे बड़ा नोट सौ डॉलर का है, जो उनकी प्रति आय का 0।16 फीसदी है। इस मूल्य के अधिकांश नोट अमेरिका से बाहर चलते हैं। भारत में दो हजार का एक नोट देश की प्रति व्यक्ति आय का 1।3 प्रतिशत है। यह अमेरिका से आठ गुना अधिक है। अमेरिकी हिसाब से हमारा सबसे बड़ा नोट 350 रुपये का होना चाहिए, यानी अधिकतम पांच सौ का नोट पर्याप्त है। यदि नोटबंदी का लक्ष्य काला धन पर अंकुश लगाना था, तो यह निश्चित ही असफल साबित हुई है।

आठ नवंबर, 2016 से पहले 18 लाख करोड़ रुपये नगद चलन में थे। पांच साल बाद यह आंकड़ा 28.3 लाख करोड़ हो गया है यानी इसमें 57.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसका सालाना औसत लगभग 10 फीसदी है, जो वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि से अधिक है। आज उच्च मुद्रास्फीति के दौर में लोगों के पास नगदी बहुत अधिक है। यह डिजिटल लेन-देन में बड़ी बढ़त के बावजूद हुआ है।

यूपीआइ के जरिये हर माह चार अरब से अधिक लेन-देन हो रहे हैं, जो चीन से भी अधिक है, लेकिन यह कहा जा सकता है कि भारत की डिजिटल यात्रा को नोटबंदी के ह्यझटकेह्न की जरूरत नहीं थी। यह तो किसी भी स्थिति में होती, जैसा कि रुझान इंगित कर रहे हैं, पर रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि खुदरा गैर नगद तुरंत भुगतान के क्षेत्र में अभी बहुत कुछ किया जाना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि डिजिटल भुगतान तंत्र से जुड़ने की गति बहुत तेज है, लेकिन इसका कोई श्रेय नोटबंदी को नहीं दिया जाना चाहिए।

नोटबंदी के उद्देश्यों को कभी स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया और इसके बारे में नैरेटिव लगातार बदलता रहा था। पहले यह काला धन, नकली नोट, आतंकियों को मिलनेवाले धन आदि पर हमला था। फिर इससे अधिक आयकर वसूलने और अधिक लोगों को टैक्स के दायरे में लाने की बात कही गयी। उसके बाद इससे डिजिटल लेन-देन बढ़ाने की उम्मीद जतायी गयी और फिर इसका लक्ष्य वित्त-तकनीक (फिनटेक) कंपनियों के माहौल को बेहतर करने तथा वित्तीय तंत्र में नवोन्मेष को प्रोत्साहित करना बताया गया। इनमें से कुछ हासिल नहीं हो सका, भले ही कुछ भी तर्क देकर कहा जाए कि नोटबंदी के उद्देश्यों (वे जो भी थे) को पा लिया गया है। संबंधित होना कारण होना नहीं होता। एक्स अगर वाय के पीछे है, तो इसका मतलब यह नहीं कि वाय ऐसे में एक्स के होने का कारण है। यह सब बहुत जटिल लग सकता है। शायद इस बारे में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्रियों से पूछना पड़े।

जो भी हो, निम्न बातें आज भी सही हैं। पहला, नोटबंदी से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। दूसरा, अनौपचारिक अर्थव्यवस्था पर इसका बेहद खराब असर हुआ। तीसरी बात यह कि इस निर्णय का उत्तरदायित्व लेनेवाले प्रधानमंत्री की लोकप्रियता बरकरार रही (इसका कारण वास्तविकता के विरूपण की उनकी क्षमता हो सकती है)। यह उनका करिश्मा है।

चौथी बात कि डिजिटल भुगतान बढ़ने के बाद भी नगदी का चलन बढ़ा है। पांचवीं चीज यह है कि महामारी के साल तक जीडीपी वृद्धि में लगातार गिरावट आती रही और जीडीपी के अनुपात में निवेश ठिठका रहा। अंतिम बात यह है कि अर्थव्यवस्था में अनौपचारिक क्षेत्र का हिस्सा संकुचित हो गया है, पर उसके अनेक कारक हैं, जिन पर फिर कभी चर्चा होगी।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस. खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, **फोन:9619102478 /9821238815** email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस. खान**,
समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# राजस्थान में भीषण सड़क हादसा

## टक्कर के बाद बस और ट्रेलर में लगी आग 12 लोग जिंदा जले कई घायल



**संवाददाता / सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बाड़मेर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले में भीषण सडक हादसा हुआ। जोधपुर-बाड़मेर हाईवे पर भांडी गांव के पास ट्रेलर और निजी ट्रैवल्स बस में टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। बताया जा रहा है कि हादसे में 12 लोग जिंदा जल गए। हादसे में घायल हुए लोगों को बालोतरा ओर जोधपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस और प्रशासन ने ओर। नगर परिषद की दमकलों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार सामने से रॉन्ग साइड में आ रहे ट्रेलर ने बस को टक्कर मार दी, जिसके बाद हादसा हुआ। ट्रेलर से टक्कर के बाद बस में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि कुछ देर में ही बस जलकर खाक हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर सम्भागीय आयुक्त डॉ राजेश शर्मा, प्रभारी मंत्री सुखराम विश्नोई, पचपदरा रूरू मदन प्रजापत समेत कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए।

## यूपी के कासगंज में पुलिस पिटाई से हवालात में मुस्लिम युवक की मौत पिता ने लगाया पुलिस पर हत्या का आरोप



कासगंज।उत्तर प्रदेश के जनपद कासगंज में प्रेम प्रसंग में फरार हुई युवती के परिजनों द्वारा की गई शिकायत के आधार पर हिरासत में लिए गए इक्कीस वर्षीय नोजवान युवक की दर्दनाक मौत हो गयी।मृतक युवक अल्ताफ मिया के माता पिता ने युवती के पारिवारिक सदस्यों से सांठगांठ कर हत्या का आरोप लगाया है।मंगलवार शाम हुई घटना के मामले में एसपी ने कासगंज कोतवाली प्रभारी सहित पाँच पुलिसकर्मियों को संस्पेंड कर दिया गया है पुलिस के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के शांतापुरी अहरोली क्षेत्र से दूसरे समुदाय की युवती के बहला फुसलाकर अगवा होने के मुकदमे में पुलिस ने आरोपी युवक अल्ताफ मियाँ पुत्र चाहत मियाँ को हिरासत में लिया था।हिरासत में लेने के बाद पुलिस द्वारा बेरहमी से की गई पिटाई के कारण युवक की मौत हो गयी वहीं दूसरी और पुलिस का कहना है कि शाम को युवक ने बाथरूम में अपनी जैकेट की डोरी से फंदा बनाकर पाइप के सहारे फाँसी लगा ली। आनन फानन में पुलिसकर्मियों द्वारा मृतक युवक अल्ताफ को अशोकनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुँचे जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया इसके बाद अग्रिम कार्यवाही करते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा दिया और उच्चाधिकारियों और माँ बाप को घटना की जानकारी दी। परिवार के लोग पहले अशोकनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे यहाँ से जानकारी लेकर पोस्टमार्टम हाउस गए।नोजवान बेटे की लाश देखकर अल्ताफ के पिता और पारिवारिक सदस्यों की रोते रोते हालत बुरी हो गयी मृतक युवक अल्ताफ मियाँ ने बताया कि पुलिस के पहुंचने पर उन्होंने अपने नोजवान बेटे को खुद पूछताछ के लिए पुलिस को सौंप दिया था। मृतक युवक अल्ताफ मियाँ के पिता चाहत मियाँ का कहना है पुलिस ने बेटे को लेजाकर पुलिस ने बेरहमी से बेटे की पिटाई की जिससे मेरे नोजवान बेटे अल्ताफ की मौत हो गयी और पुलिस को हत्यारा बताया और उच्चाधिकारियों से आरोपी पुलिसकर्मियों को वर्खास्त कर हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की माँग उठायी नोजवान युवक की मौत से क्षेत्र में गम की लहर दौड़ गयी और पुलिस के खिलाफ नागरिकों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

## (पृष्ठ 1 का शेष भाग)

**जनता पर महंगाई.....**

ऐसा इसलिए है क्योंकि दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए जल्द ही होटल के भोजन की कीमतें बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। शेट्टी ने कहा कि कोरोना और लॉकडाउन ने कुछ समय के लिए कारोबार बंद कर दिया है, लागत बढ़ रही है और आय कम हो रही है। शेट्टी ने कहा कि घाटे की भरपाई और कारोबार को चालू रखने के लिए खाद्य कीमतों को बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। अब आपका होटल डाइन-इन भी महंगा होने वाला है। औसतन, अलग-अलग होटलों की अलग-अलग दरें होती हैं। विभिन्न होटलों की लागत भी भिन्न होती है। वहीं होटल के कर्मचारियों को अधिक भुगतान करना पड़ता है। एक जनवरी तक बढ़ोत्तरी की उम्मीद है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मुताबिक, रेस्तरां संचालकों को राहत तभी मिलेगी जब कीमतों में औसतन 15-20 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। छोटे होटल एक दिन में दो व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग करते हैं। बड़े रेस्तरां औसतन पांच सिलेंडर का उपयोग करते हैं। पिछले साल सितंबर में औसत कमर्शियल सिलेंडर की कीमत करीब 1,000 रुपए थी लेकिन अब यह 2,000 रुपए के करीब पहुंच गई है। नतीजतन, होटल व्यवसायियों का खर्च तेजी से बढ़ा है और राजस्व में गिरावट आई है, पिछले साल सितंबर में औसत वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत 1,000 रुपए के आसपास थी और अब यह 2,000 रुपए के आसपास है। नतीजतन, होटल व्यवसायियों का खर्च तेजी से बढ़ा है और राजस्व में गिरावट हो रही है।

**एंटॉप हिल में तीन .....**

सूचना मिलने के बाद वहां पहुंचे फायर ब्रिगेड और एंटॉप हिल पुलिस ने बचाव कार्य कर मलबे में फंसे लोगों को निकालकर सायन के लोकमान्य तिलक अस्पताल में भर्ती कराया। मलबे से कुल नौ लोगों को बाहर निकाला गया। स्थानीय पुलिस के अनुसार अचानक ढहे तीन घरों में से राशन की दुकान, भंगार की दुकान और तीसरे घर में नमक का गोदाम था। राशन और भंगार की दुकान दो मंजिला थे, जबकि एक घर एक मंजिला था। राशन की दुकान में मरम्मत कार्य चल रहा था। अचानक एक के ऊपर एक घर भरभरा कर गिर गए। अस्पताल के सीएमओ डॉ. सेतु ने बताया कि हादसे में बचाए गए नौ लोगों में से पांच को अस्पताल में भर्ती के लिए ले जाया गया था, जिसमें से दो ने भर्ती होने से मना कर दिया। अभी तीन लोगों को भर्ती कराया गया है। अमित मिश्रा , सुरेंद्र मिश्रा और पूनम शर्मा का उपचार किया जा रहा है। दमकल विभाग ने तीनों झोपड़े के मलवे को हटाने का काम दोपहर तक पूरा किया।

**समीर वानखेड़े ने मलिक के आरोप को बताया गलत ......**

वह सभी नोट 2000 और 500 के थे। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था और वह सब एक साल के लिए जेल में बंद थे। इस मामले की जानकारी उस समय एनआईए को भी दी गई थी। शायद नवाब मलिक को इस बारे में जानकारी नहीं है। नवाब मलिक ने देवेंद्र फडणवीस पर जाली नोट का रैकेट चलाने का भी आरोप लगाया है। मलिक ने कहा कि जो लोग जाली नोट का कारोबार करते हैं। देवेंद्र फडणवीस उनको संरक्षण देते हैं। मलिक ने कहा कि जब देश में नोटबंदी हुई तब मोदी जी ने कहा था कि नोटबंदी इसलिए की जा रही है, ताकि आतंकवाद और कालाधन खत्म हो सके। उन्होंने कहा था कि नोटबंदी से बड़े पैमाने पर जाली नोट भी खत्म हो जाएंगे। नोटबंदी के बाद दूसरे राज्यों में जाली नोट पकड़े भी जाने लगे। मध्यप्रदेश, तमिलनाडु में जाली नोट पकड़े भी गए। हालांकि 8 अक्टूबर 2017 तक तकरीबन एक साल तक महाराष्ट्र में जाली नोट पकड़ने का एक भी मामला नहीं आया था, क्योंकि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में जाली नोटों का कारोबार चल रहा था।

## हरदोई दिव्यांगजन विभाग मे हुए दीव्यांग पेंशन फजीवडि पर मानवाधिकार की सख्त नाराजगी हुई जाहिर दोसियों पर हो सख्त कार्यवाही आरिफ मंसूरी



अन्तर्राष्टीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने उत्तर प्रदेश के जनपद हरदोई मे दिव्यांगजन विभाग मे हुए फजीर्वाडे.पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए राष्टीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरिफ मंसूरी ने कहा ऐसे सभी भ्रष्ट अधिकारियों पर जल्द से जल्द कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये जो सरकारी योजनाओं का दुर उपयोग कर दिव्यांगो के अधिकारो का हनन कर रहै है ऐसे किसी भी विभाग के अधिकारियों को बख्शा नही जाना चाहिए जो सरकारी योजनाओं का दुर उपयोग कर सरकारी विभागों को अपनी जागीर समझ बैठे हैं ।

## बिहाड़ा में अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने सरपंच व सचिव को ज्ञापन सौंपा



**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़**
**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** जिले के पंडेर क्षेत्र के बिहाडा ग्राम पंचायत में अवैध अतिक्रमण को लेकर लोगों ने सरपंच व सचिव को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र के बीहाड़ा निवासी संतोष कुमार गुर्जर ने बताया कि राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि बिहाडा से जीरा जाने वाले रास्ते व खेतों के रास्ते, खेल मैदान चरागाह भूमि पर वर्षों से अवैध अतिक्रमण हैं, जिससे पशुओं व आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे लेकर ग्रामीणों द्वारा सरपंच सचिव को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में बताया कि अवैध अतिक्रमण पर ग्राम पंचायत की ओर से उचित कार्रवाई नहीं होने पर बिहाडा ग्राम में आने वाले प्रशासन गांव के संग शिविर में उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर समस्या का समाधान करवाया जाएगा। उक्त जानकारी क्षेत्रीय पत्रकार गजानंद जोशी ने दी है।



## चौथी बार जीत का परचम फहराने को आतुर हैं सोडार सरपंच गोपाल लाल मंडवा

**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़**
**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** जिले की हूरड़ा तहसील के अन्तर्गत सोडार पंचायत के सरपंच गोपाल लाल मंडवा पंचायत चुनाव में हैट्रिक लगाने के बाद अब चौथी बार जीत का परचम फहराने को तैयार है। पंचायत चुनाव में भाजपा के स्थानीय नेता को नाकों चने चबा चुके गोपाल मंडवा इस बार चौथी बार भी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आ रहें हैं। कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक पर अपनी मजबूत पकड़ रखने वाले मंडवा की दलित वोट बैंक पर भी मजबूती से पकड़ हैं। राजनीति में मॉडल विधायक एवं पुर्व मंत्री राम लाल जाट को अपना गोडफादर मानने वाले मंडवा भले ही विपक्षी नेता पंचायत में विकास कार्य नहीं करवाने का ढोंग पीटते हो, मगर गोपाल लाल मंडवा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि उन्होंने पंचायत में काफी विकास कार्य करवाए हैं। मंडवा ने विपक्ष पर तगड़ा प्रकार करते हुए कहा कि अगर उन्होंने पंचायत में विकास कार्य नहीं करवाए होते तो भला गाँव की जनता तीन तीन बार वोट कैसे देती। सरपंच गोपाल लाल मंडवा ने बताया कि विरोधी उन पर नाकायाबी के कितने ही आरोप लगाते रहें पर वो गाँव की जनता के लिए हमेशा तत्पर है और आगे भी रहेगें तथा भविष्य में भी विकास के लिए सोडार पंचायत की जनता के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे। सरपंच गोपाल लाल मंडवा की सोडार पंचायत के वासियों के लिए प्रतिबद्धता व उनके हौसले को हमारी तरफ से सौ सौ सलाम है कि वह राजनीति में हमेशा नए मुकाम हासिल करते रहें।

## DPIAF- Roti & Kapda Bank गरीबों तक पहुंचाने का काम करता है

आपको सहर्ष ज्ञात हो कि गरीबों के कल्याण हेतु मैंने 2 साल पहले एक DPIAF- Roti & Kapda Bank का निर्माण किया था। जिसके माध्यम से आप लोगों के पुराने कपड़े और घर में रखा हुआ सामान जो आप के प्रयोग में नहीं आता है उसे संकलित करके हम जरूरतमंद और गरीब लोगों को बांटने का काम करते हैं। इससे दो फायदे हैं एक तो आपके घर की जगह बचती है। पुराने कपड़ों का सही सदुपयोग होता है। और दूसरे गरीब लोगों का कल्याण होता है। इसलिए आपसे विनम्र निवेदन है यदिआपके घर में किसी के पास कोई ऐसे कपड़े हैं जो पुराने हो चुके हैं उन्हें हमें प्रदान करने की कृपा करें। लेकिन फटे और गंदे कपड़े तथा अंतर्वस्त्र दान न करें। अगर कोई ऐसा सामान जो आप के प्रयोग में नहीं आ रहा है, हो सकता है किसी गरीब व्यक्ति के प्रयोग में आ करके उसकी जिंदगी को बदल दे । इसलिए आप देर न करें , संकोच न करें। हमें मोबाइल पर सूचित करें। यदि आप वस्त्र और वस्तु हमारी बैंक पहुंचा सकते हैं तो ठीक है। नहीं तो फोन करें हम खुद उसे लेकर गरीबों तक पहुंचाने का काम करेंगे।

## मोहम्मद शरीफ जी को देश के राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री सम्मान



**मोहम्मदशरीफजीपेशेसेसाइकिल मिस्त्री हैं, घर का खर्च भले ही मुश्किल से चलता हो फिर भी पिछले 25 सालों में लगभग 25,000 लावारिस लाशों का (उनके धर्म के अनुसार) प्रशासन के सहयोग और खुद के दम पर अंतिम संस्कार करा चुके है। ऐसी समाज सेवा को पद्मश्री मिलने से पद्मश्री सम्मान खुद भी सम्मानित होता है। लावारिश लाशों को दफनाने में कीर्तिमान स्थापित करने वाले अयोध्या शहर के रहने वाले जनाबमोहम्मदशरीफ चचा को देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदय के हाथों आज मिला पद्मश्री सम्मान।**

## समाजवादी पार्टी युवाओं की पार्टी इसलिए सबसे ज्यादा युवा सपा में-उज्जवल रमण सिंह

**विद्या शंकर शुक्ला मुंबई हलचल**
**जॉर्ज टाउन, प्रयागराज।** बुधवार को पार्टी कार्यालय पर।मुख्य अतिथि पूर्व कैविनेट मंत्री विधायक उज्जवल रमण सिंह ने जिला समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष हार्षित पाण्डेय व महासचिव अरुण यादव द्वारा धोषित नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी नवजवानों की पार्टी हैं इसलिए सबसे ज्यादा संघर्षशील मजबूत कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी में है जो सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के एक आवाहन पर अपनी जान की परवाह किए बिना हर जनहित के मुदे पर लाल टोपी पहनकर सड़कों पर उतरकर पुलिस की लाठी खाने जेल जाने से भी नहीं घबराते। पूर्व मंत्री ने कहा कि छोटा कार्यकर्ता हो या बड़ा पदाधिकारी जो अपनी बूथ ना जीता सकें वो पार्टी के लिए कहा उपयोगी होगा क्योंकि बूथ जीताने वाला कार्यकर्ता ही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता हैं इसलिए नवजवान आज से ही लग जावों अपने बूथ को मजबूत करने के लिए तभी 2022 में सपा सरकार बनेगी। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीओं को माला पहनाकर स्वागत किया जिसमें ज़िला उपाध्यक्ष उरूज अहमद, दीपेश कुशवाहा, प्रदीप कोल, सोनू पाण्डेय, बृजेंद्र प्रताप सिंह, शिवमराम भारती पासी, सिपाही यादव, सचिवगण दीपांशु मौर्या, दुर्गेश पाल, अमन पाण्डेय शुभम सिंह ठाकुर का करते हुए कहा कि युद्ध का शंखनाद बज चुका है सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी चुनाव में जाने से पहले उसकी तैयारी कर लें क्योंकि बिना हथियार के कोई युद्ध नहीं जीता जा सकता है और लोकतंत्र का सबसे बड़ा हथियार वोट और जब वोटर लिस्ट में पार्टी समर्थक का नाम ही नहीं होगा तो लाख हितैषी होने के वावजूद वो पार्टी को कोई मदद नहीं कर सकता इसलिए सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी इस पुरे महीने नई वोटर लिस्ट से मिलान कर छूटे नाम बढ़वाने तथा मृतक व फर्जी नाम कटवाने कार्य करें यहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की मंशा हैं। नवनियुक्त जिलाअध्यक्ष हार्षित पाण्डेय ने भरोसा दिलाया कि जिला युवजन सभा पूर्व कि भांति संघर्षशील रहेगी उसके एक एक पदाधिकारी व नवजवान कार्यकर्ता संघर्ष की कोख से निकले हैं राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिला संगठन के सहयोग में हमेशा तैयार रहेंगे। उन्होंने अपने सभी कार्यकताओं पदाधिकारियों को इस माह वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने व 13,21, व 27 नवंबर को पोलिंग बूथ पर रहने के लिए कहा। संचालन नाटे चौधरी संबोधित करने वाले में जिला महासचिव संदीप पटेल, जिला उपाध्यक्षगण विनय कुशवाहा, राम अवध पाल, अनिल यादव, पंचू राम निषाद, रविन्द्र यादव, संदीप यादव, आदिल हामजा, मनोज पाण्डेय, महावीर यादव, अंशु सिंह आदि रहे।





## अरैल घाट पर छठ मैया की पूजा अर्चना

**विद्या शंकर शुक्ला मुंबई हलचल**
**नैनी, प्रयागराज।** अरैल नैनी प्रयागराज में पूर्वांचल महासमिति द्वारा छठ मैया सभी माताएं बहने सूर्यास्त के समय सूर्य भगवान को जल दिया गया और प्रातः काल सुबह उगते हुए सूर्य को जल देकर सूर्य भगवान को प्रणाम करके पुत्र कामना की पूर्ति के लिए छठ मैया का पूजा अर्चना किया जाएगा 3 घाटों की सजावट झालरों के द्वारा विद्युत लाइटों के द्वारा सभी आगंतुक बंधुओं को द्वारा सभी आने वाले भक्तों के स्वागत के लिए द्वार बनाये गए है सारे समिति के सदस्यों के द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया अरैल नैनी प्रयागराज में पूर्वांचल महासमिति केपदाधिकारियों पूरे घाट में मुस्तैद रहे और इस पूजा को विधि विधान से संपन्न कराने के लिए सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई इस अवसर पर प्रयागराज सांसद रीता बहुगुणा जोशी, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने श्रद्धालुओं के माध्यम से छठ मैया का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए छठ पर्व अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर अवसर पर अरुण कुमार यादव, दयानंद पांडेय, एसपी यादव, विजय तिवारी, विजय सिंह, धनेश सिंह, हरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, प्रमोद सिंह, अरुण तिवारी, राजेंद्र तिवारी, पवन यादव, दिलीप यादव ,अनिल दिक्षित, आलोक सिंह, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव, प्रयागराज के प्रतिष्ठित समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह हरमन सिंह मौजूद रहे।



## आदर्श नगर वेलफेयर सोसायटी स्कूल सभागार में दीपावली नए दीपोत्सव वर्ष का स्वागत सम्मेलन का आयोजन किया गया

आदर्श नगर वेलफेयर सोसायटी स्कूल सभागार, में दीपावली पड़वा व नववर्ष के पावन सानिध्य में हम सब एक साथ मिलकर, नए दीपोत्सव वर्ष का स्वागत, स्नेह सम्मेलन यह सुविचार मन मे लेकर ही, स्नेह सम्मेलन, का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी पंडित हरिनाथ तिवारी और संचालन भाजपा वर्ली विधानसभा उपाध्यक्ष बालगोविंद तिवारी ने किया। उक्त स्नेह सम्मेलन में प्रमुख अतिथि के रूप में भाजपा धार्मिक सांस्कृतिक आघाडी मुंबई के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र सिंह जी थे उक्त स्नेह सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुरेश मिश्रा ने अपने संस्कार को बढ़ावा देने के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरणा दी. मिश्रा ने कहा कि कम से कम अपने बच्चों को आप लोग गायत्री मंत्र की एक-दो लाइन रोज पाठ कराएं जिससे हमारा संस्कार सनातन धर्म जीवित रह सके, आयोजक मंडल के उभामो द मुं० के महामंत्रीशमशेर सिंह और सचिव श्रीमती मधुरानी जयसवाल ने सभी आगंतुकों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम के उपरांत सबको अल्पोहार व मिठाई देकर विदाई दी गई,इस अवसर पर भाजपा महाराष्ट्र उभामो के उपाध्यक्ष अर्जुन गुप्ता, मुंबई झोपड़पट्टी भाजपा की उपाध्यक्ष भाग्यश्री प्रभु आर. डी.सोनकर, कलाकारा अन्नपूर्णा भैरी, मीना जैन, अमित गुप्ता, योगेश कलमकर, वर्ली भाजपा के सचिव विंबाधर भाटकर, हरीष शेट्टी, वार्ड महामंत्री मनोहर काले, ललित उपाध्याय, चित्रा निषाद कवि श्रवण चौधरी, रामबहादुर मौर्य, गोविंद दुबे सहित वरली परिसर के तमाम महानुभाव उपस्थित थे।



## जामोली गांव में प्रशासन गांव के संग शिविर का आयोजन किया गया



**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़**
**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** जिले के पंडेर क्षेत्र के जामौली ग्राम पंचायत में प्रशासन गांव के संग शिविर का आयोजन किया गया, इस दौरान ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा ग्रामीणो व किसानों के कई अटके काम किए गए। शिविर में नामांतरण, राजस्व अभिलेख आंतों का शुद्धीकरण, खातेदारी भूमि का सहमति से विभाजन किया गया। आवासीय पट्टे, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, शौचालय पास जॉब कार्ड, रोडवेज पास आदि लोगों के कामों का मौके पर निस्तारण किया गया? इस दौरान ग्रामीणों ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रशासन गांवों के संग शिविर की प्रशंसा की शिविर में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया, इस दौरान सडीएम दामोदर सिंह खटाना, प्रधान सीता देवी गुर्जर, तहसीलदार, इंद्रजीत सिंह चौहान, डीआर, सांवरिया धाकड़ सरपंच देवराज गुर्जर, सचिव, सीताराम गुर्जर, उप सरपंच धाकड़, वार्ड पंच व ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त जानकारी क्षेत्रीय पत्रकार गजानंद जोशी ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

## रामपुर क्षेत्रीय जनता की उम्मीदों पर फिरा पानी

**संवाददाता नदीम अख्तर**
**टाण्डा (रामपुर)।** 9 नवम्बर 2021, प्रदेश के मुखिया मुख्य मंत्री आदित्यनाथ योगी जी के रामपुर आगमन पर विकास परियोजनाओं का किया गया। लोकार्पण व शिलान्यास, लालपुर पुल के निर्माण कार्य चालू कराये जाने को लेकर क्षेत्रीय जनता में जगी थी आस, क्षेत्रीय जनता की उम्मीदों पर फिरा पानी, नहीं हो सका पुल की समस्या का समाधान,भीड़ भाड़ के चलते अधिकारियों एवं पुलिस विभाग का रहा जमा वड़ा,चप्पे चप्पे पर पूर्ण तरीके से चौकसी को लेकर रखी पैनी नजर प्रदेश के मुखिया मुख्य मंत्री आदित्यनाथ योगी जी रामपुर आगमन पर किया गया। विकास परियोजनाओं लोकार्पण एवं शिलान्यास मुख्य मंत्री जी के दौरे को लेकर क्षेत्रीय जनता में खुशी की लहर दौड़ती नजर आ रही थी। जिसमें लालपुर पुल के निर्माण कार्य को लेकर आस जगी थी पुल के निर्माण कार्य चालू कराये जाने को एक ज्ञापन भी प्रस्तुत किया। लेकिन बावुजूद इसके लालपुर पुल की समस्या को लेकर जरा भी गम्भीरता दिखाई नहीं दी मुख्य मंत्री जी द्वारा अनेकों प्रकार के विकास परियोजनाओं को लेकर शिलान्यास आदि का घोषणा की गई। लालपुर पुल से संबंधित किसी भी प्रकार की औपचारिक्ता पूर्ण तक न हो सकी प्रोग्राम की समाप्ति के उपरान्त क्षेत्रीय जनता में लालपुर पुल की समस्या को लेकर काफी चर्चायें होती नजर आ रही थी। जनता की सारी उम्मीदें धरी की धरी रह गई पुल के निर्माण कार्य चालू कराये जाने को पार्टियों एवं गैर सियासी पार्टियों के चलते लगातार मांग की जाती रही हैं। लेकिन उनकी सारी की सारी कोशिशें विफल होती दिखाई दी समय रहते पुल का निर्माण कार्य चालू कराये जाने को लेकर मुख्य मंत्री जी ऐलान घोषणा तक नहीं कर सके क्षेत्रीय जनता में काफी उदासी छाई रही सियासी दांव पेच के चलते पुल का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ हैं सियासी खीचातानी के बीच क्षेत्रीय जनता को उसका खमियाजाना एवं परेशानियां भुगतना पड़ रही हैं। जिला मुख्यालय पहुंचने में धन एवं समय दोनों की बबार्दी को भी भुगतना पड़ रहा हैं स्थिति फिल्हाल ज्यों की त्यों बनी हुई हैं।

## हम किसे सुनाए हाल वादी ऐ कश्मीर के

**संवाददाता सैय्यद अलताफ हुसैन।** कश्मीर दुनिया की जन्नत(स्वर्ग) कही जानी वाली जगह है। अभी कुछ सालों से कश्मीर को बुरी नजर लग चुकी है।जब से सरकार ने कश्मीर मे 370 हटाई है वहां के लोगो की आर्थिक स्थिति बिल्कुल नाजुक हो गई है। मैने कभी कश्मीर की जनता मदद मांगते या भीख मांगते नही देखा था। लेकिन अभी कुछ सालों से अक्सर बेबस कश्मीरी के लोग हमारे दर पर आते हैं। हिंदुस्तान मैं हर राज्य जिले शहर में मदद पहुचाई जा सकती है। लेकिन कश्मीर में हम बहुत कम मदद पहुँचा पाते है। क्योंकि कश्मीर कंटेमेंट जॉन(नियंत्रण एरिया)में आता है। इसलिए हमें हर महीने ओर रमजान के पवित्र महीने में यथार्थ साहयता कश्मीर के लोगो की करनी चाहिए। क्योंकि वहां की जनता सबसे ज्यादा जरूरमंद है। त्रगर फिरदौस बर रूये जमी अस्तन त्रहमी अस्तो हमी अस्तो हमी अस्तन दुनिया मे जन्नत की झलक कश्मीर है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## यूपी विधानसभा चुनाव 2022

# अखिलेश के वोट बैंक पर बीजेपी की नजर

**रिपोर्टर/अरमान उलहक**

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव के पहले सभी दलों ने जनता को रिझाने के लिए नए-नए पैतरे अपनाना शुरू कर दिया है। बात चाहें मौजूदा सरकार में बैठी बीजेपी की हो या फिर विपक्ष की भूमिका में काम करने वाली सपा, कांग्रेस या फिर बसपा की हो। कांग्रेस ने जनता को रिझाने के लिए 7 प्रतिज्ञाओं की घोषणा की तो वहीं अखिलेश अपना रथ लेकर जनता के बीच जा रहे हैं और बड़े-बड़े वादे कर रहे हैं। इस मामले में बीजेपी ने भी अपना कदम बढ़ा दिया है। हाल ही के दिनों में मौजूदा बीजेपी सरकार ने दो बड़ी घोषणाएं कर के सबको हैरान कर दिया है। छठ पूजा को लेकर सीएम ने सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। साथ ही अचार संहिता के पहले कई परियोजनाओं का उद्धघाटन करने का भी फैसला किया है। खास बात ये रहेगी कि खुद प्रधानमंत्री इन परियोजनाओं का उद्धघाटन करने जा रहे हैं।







**चुनाव से पहले पीएम मोदी जनता को देंगे बड़ी सौगात!**

### अखिलेश के वोट बैंक पर बीजेपी की नजर

सीएम योगी ने छठ पूजा पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर के एक बड़े तबके को को अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास किया है। माना जाता है की पूर्वांचल में इस पर्व की खास मान्यता है। ऐसे में इस घोषणा से एक बड़े तबके को खुश करने का प्रयास किया गया है। चुनावी विशेषयज्ञों के मुताबिक मौजूदा सरकार में हुई कुछ घटनाओं की वजह से पूर्वांचल की जनता सरकार से खासा खुश नहीं है। और एक बड़ा वोट बैंक अखिलेश यादव की झोली में गिर सकता है। माना जा रहा है इसी को देखते हुए सरकार ने अवकाश की घोषणा की है। इसका फायदा कहीं न कहीं सरकार को मिल भी सकता है।

### आचार संहिता से पहले बीजेपी झोंकेंगी पूरी ताकत

16 नवम्बर को पीएम मोदी पूर्वांचल एक्सप्रेस का उदघाटन करेंगे। 25 नवंबर को जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए भूमिपूजन और शिलान्यास कार्यक्रम है। पीएम मोदी 19 नवंबर को झांसी किले में आजादी की 75वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद पीएम झांसी दौरे पर बुंदेलखंड को कई सौगात भी देंगे। 20-22 नवम्बर को लखनऊ में DGP कॉन्फ्रेंस होगी। उसमें भी पीएम मोदी हिस्सा लेंगे। 12-13 नवम्बर को गृहमंत्री अमित शाह वाराणसी के दौरे पर रहेंगे। आजमगढ़, जौनपुर और बस्ती में अलग अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वहीं गृहमंत्री अमित शाह डीजीपी कांफ्रेंस के लिए 20 से 22 तक लखनऊ में रहेंगे। इस दौरान पार्टी के अलग अलग धड़ों की बैठक भी करेंगे और चुनावी तैयारियों की रूप रेखा तय करेंगें।

---

# मुस्लिम समुदाय के युवक ने महाराष्ट्र की युवती से प्रेम प्रंसग में कराया धर्म परिवर्तन

## युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रिपोर्टर/अरमान उलहक**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार महिला संबंधी अपराध और धर्म परिवर्तन के मामलों में कमी लाने को लेकर लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन इसके बावजूद इस तरह के मामले थम नहीं रहे हैं। ताजा मामला पीलीभीत जिले का है। यहां के रहने वाले एक युवक पर महाराष्ट्र की युवती ने प्रेम-प्रसंग में फंसाकर नौ साल तक शारीरिक शोषण करने व धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता से मिली तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

महाराष्ट्र की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि नौ साल पहले काम करने के लिए वो रुद्रपुर गई थी। वहां पीलीभीत के रहने वाले एक सलमान नाम के युवक से उसकी मुलाकात हुई। युवक ने उसे प्रेम जाल में फंसाया और नौ साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा।

इस दौरान युवती ने आरोपी की दो बेटियों को भी जन्म दिया। जब युवती ने आरोपी से शादी करने की बात कही, तो आरोपी ने उस पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। इसके बाद कूट रचित तरीके से पीड़िता के आधार कार्ड में उसका नाम एडिट कर दिया




### परिजनों पर पीड़िता ने लगाया आरोप

पुलिस से शिकायत करने वाली पीड़िता का आरोप था कि धर्म परिवर्तन कराने में आरोपी की बहन मेहजबी व भाई इमरान ने भी उसका सहयोग किया। इसके साथ ही पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने उसको छोड़ने के बाद रुद्रपुर की रहने वाली एक दूसरे समुदाय की लड़की को भी अपने प्रेम जाल में फंसाया है और बिना शादी किए उसे पीलीभीत भगाकर ले आया है। शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि आरोपी सलमान ने पटाखे की दुकान खोलने के लिए उससे दीपावली से पूर्व एक लाख रुपये भी लिए थे

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

मामले पर जानकारी देते हुए शहर कोतवाल अशोक पाल ने बताया- पीड़िता से मिली तहरीर के आधार पर दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन अधिनियम, धोखाधड़ी समेत तमाम अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

---

# मध्यप्रदेश में दो अलग अलग घटनाओं में नाबालिग लड़कियों से सामूहिक बलात्कार

## मुकदमा दर्ज, दो आरोपी गिरफ्तार... दो की तलाश जारी

**रिपोर्टर/अरमान उलहक**

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश के रायसेन और खंडवा जिले में दो अलग अलग घटनाओं में दो नाबालिग लड़कियों से सामूहिक बलात्कार के मामले सामने आए हैं पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी रायसेन जिले के एक गांव में 7वीं कक्षा की 12 वर्षीय छात्रा से एक नाबालिग लड़के सहित दो लोगों ने जबकि खंडवा जिले के एक गांव में 15 वर्षीय लड़की से तीन लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया। दोनों जिलों में पुलिस ने एक-एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

रायसेन जिले के बेगमगंज कस्बे के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) सुनील बरकरे ने कहा कि यह घटना सोमवार को उस समय हुई जब 12 वर्षीय लड़की स्कूल से जल्दी लौटने के बाद घर पर अकेली थी। उसे अकेला पाकर 17 वर्षीय आरोपी लड़की के घर आ गया और उससे बलात्कार किया। पड़ोस में रहने वाले 28 वर्षीय शिवदयाल वाल्मीकि ने जब यह देखा तो उसने भी लड़की से दुष्कर्म किया।

उन्होंने बताया कि घटना के वक्त लड़की की मां घर से बाहर थी, जबकि उसके दो छोटे भाई-बहन स्कूल में थे। बरकरे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर वाल्मीकि को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि नाबालिग आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

दूसरे मामले में, खंडवा जिले के हरसूद थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार रात को 15 वर्षीय एक लड़की अपने रिश्तेदार के घर में सोई हुई थी जब तीन लोगों ने अपहरण कर उससे बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि लड़की के लापता होने के बाद परिजन ने उसकी तलाश की तो वह घर से पास घायल हालत में मिली।

चौहान ने बताया कि पुलिस ने तीन आरोपियों- रामपाल, कमलेश गुर्जर और सुरेंद्र गुर्जर के खिलाफ बलात्कार और अपहरण के आरोप में भारतीय दंड संहिता की संबद्ध धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस सिलसिले में रामपाल को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है।

## कोविड-19 से जुड़ा चौंकाने वाला खुलासा

# किडनी में खून का थक्का जमा रहा कोरोना वायरस



**कोरोना वायरस किडनी के मरीजों में फेफड़े की तरह खून का थक्का जमा रहा है... कोरोना संक्रमण से कई लोगों की किडनी फेल हो गई तो दर्जनों लोगों को डायलिसिस तक कराना पड़ा... यहां तक एक किडनी के मरीज की तो मौत भी हो गई थी...**

भागलपुर के मायागंज अस्पताल में कोरोना की दूसरी लहर में अस्पताल में भर्ती हुए किडनी व कोरोना के मरीजों के इलाज पर अध्ययन करने के बाद मायागंज अस्पताल के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजकमल चौधरी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि कोरोना के वायरस ने न केवल ह्रदय के ब्लॉकेज, बल्कि किडनी की धमनियों में भी खून के थक्के जमा दिये। बकौल डॉ. चौधरी, एसीई (एंजियोटेंसिन कन्वर्टिंग एंजाइम) टू के जरिये कोरोना का वायरस किडनी के मरीजों की किडनी तक पहुंचकर वहां पर ब्लॉकेज कर दे रहा है। किडनी में ब्लॉकेज बढ़ने के कारण मरीजों के खून में सीरम क्रिएटनिन का लेवल बढ़ गया था। एक्यूट किडनी इंज्यूरी के मरीजों में सीरम क्रिएटनिन का लेवल जहां सात से 16 एमजी प्रति डेसीलीटर के खतरनाक स्तर तक बढ़ा पाया गया तो क्रॉनिक किडनी डिजीज के मरीजों में सीरम क्रिएटनिन लेवल पांच से 12 एमजी प्रति डेसीलीटर तक बढ़ा पाया गया।

एक स्वस्थ व्यक्ति के खून में सीरम क्रिएटनिन अगर 0.2 से 1.2 एमजी प्रति डेसीलीटर के बीच रहता है तो ये सामान्य है। उन्होंने बताया कि किडनी में ब्लॉकेज होने से किडनी फेल्योर होने की आशंका बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे में किडनी के मरीजों को कोरोना संक्रमण के दौरान अपनी सेहत को लेकर बहुत ही सजग-सतर्क रहना होगा।

### आईसीयू में भर्ती हर सातवां कोरोना संक्रमित किडनी का बीमार

कोरोना की दूसरी लहर यानी अप्रैल 2021 से लेकर अब तक में मायागंज अस्पताल में कुल 8000 कोरोना संक्रमित भर्ती हुए थे। इनमें से 460 कोरोना मरीजों को तो आईसीयू में भर्ती करना पड़ा था। इनमें से 34 (7.39 प्रतिशत) मरीज सीकेडी (क्रॉनिक किडनी डिजीज) या एकेडी (एक्यूट किडनी इंज्यूरी) के थे। यानी इस दौरान आईसीयू में भर्ती होने वाला हर सातवां कोरोना संक्रमित मरीज किडनी का बीमार था। आईसीयू में भर्ती 34 किडनी के मरीजों में से सात मरीज एक्यूट किडनी इंज्यूरी के तो 27 मरीज क्रॉनिक किडनी डिजीज के थे। ये रिपोर्ट इस बात की गवाही देती है कि कोरोना के वायरस ने किडनी को जितना चोट पहुंचाया, उससे कहीं ज्यादा किडनी के मरीजों में ब्लॉकेज पैदा करके उनकी हालत को अतिगंभीर बना दिया।

# सिर्फ 2 इंग्रेडिएंट का इस्तेमाल कर बनाएं ये 5 घरेलू फेस सीरम



## स्किन प्रॉब्लम से मिलेगा छुटकारा

फेस सीरम हाल ही में सबसे चर्चित स्किनकेयर प्रॉडक्ट में से एक बन गया है। त्वचा की कुछ सामान्य समस्याओं से लड़ने के लिए एक्टिव इंग्रेडिएंट से भरपूर, फेस सीरम आमतौर पर कंसीस्टेंसी में बहुत लाइट होते हैं। हालांकि, बाजार में फेस सीरम में आपको अलग-अलग तरह की वरायटी देखने को मिलेगी। कई लोग अपनी स्किम के प्रकार या समस्या के लिए सही फेशियल सीरम न मिलने की शिकायत करते हैं। उनमें से कई हानिकारक केमिकल इंग्रेडिएंट से भी भरे होते हैं जो लंबे समय में आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं।ऐसे में अगर रेडीमेड फेस सीरम आपके लिए काम नहीं कर रहे हैं, तो आप अपनी स्किन प्रॉब्लम के अकॉर्डिंग घर के बने, नेचुरल फेस सीरम का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन फेस सीरम के लिए आपको केवल 2 इंग्रेडिएंट की जरूरत है। तो जानते हैं घर में फेस सीरम बनाने का तरीका...



### 1) मुंहासे

मुंहासे सबसे आम स्किन समस्याओं में से एक है। इस फेस सीरम में एंटीबैक्टीरियल और मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं जो आपको मुंहासों से लड़ने और आपकी त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करेंगे। इसके लिए शहद में दालचीनी पाउडर मिक्स करें ऐर फिर इसे चेहरे पर लगाएं और कुछ देर बाद चेहरे को साफ करें।

### 2) डल स्किन

अगर आपकी त्वचा बेजान और अन हेल्दी है तो यह फेस सीरम आपके लिए अच्छा काम करेगा। हालांकि, अगर आपकी ऑयली स्किन है, तो आपको इससे बचना चाहिए। इसके लिए आपको नारियल के तेल और हल्दी पाउडर की जरूरत है। एक कटोरी में दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स करने के बाद, अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मालिश करें। कुछ देर बाद आप इसे धो सकते हैं।

### 3) बड़े पोर्स

चेहरे पर खुले, बड़े छिद्र (पोर्स) बहुत सारी गंदगी और अशुद्धियों को आकर्षित करते हैं, जिससे आपकी स्किन सुस्त और अस्वस्थ दिखती है। इस फेस सीरम के इस्तेमाल से दमकती त्वचा पाने में मदद मिलेगी। इसके लिए एक ताजे टमाटर का रस निकाल लें और एक बाउल में कच्चे दूध में मिला लें। दोनों सामग्रियों को मिलाएं और हल्के हाथों से अपने चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट तक रखें और सूखने के बाद धो लें।

### 4) ऑयली स्किन

ऑयली स्किन के कारण ब्रेकआउट हो जाता है और ऐसी त्वचा के लिए सही फेस सीरम ढूंढना एक टास्क हो सकता है। इसके लिए आप घर का बना एलोवेरा और हल्दी पाउडर के सीरम को स्किन पर लगाएं।

### 5) डार्क स्पॉट और ब्लैकहैड

इस फेस सीरम को बनाने के लिए आपको शहद और नींबू की जरूरत है। इसके लिए एक कटोरी में दोनों इंग्रेडिएंट को एक साथ मिक्स करें। फिर चेहरे पर सीरम को अप्लाई करें। 15 से 20 मिनट के लिए रखें और चेहरे को साफ करें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अड़तालीस वर्ष की हुई पूर्व मिस वर्ल्ड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय

बॉलीवुड की जानी मानी प्रसिद्ध अभिनेत्री और पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय सोमवार को अड़तालीस वर्ष की हो गईं एक नवंबर 1973 को मैंगलोर में जन्मी ऐश्वर्या राय का बचपन में रुझान वास्तुकार बनने की और था। लेकिन बाद में उनका रुझान मॉडलिंग इंडस्ट्री की और हो गया।

वर्ष 1994 में ऐश्वर्या राय ने मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जहाँ उन्हें मिस इंडिया वर्ल्ड के खिताब से नवाजा गया मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारतीय सुन्दरता का परचम पूरी दुनिया में लहराते हुए रीता फारिया के बाद ऐश्वर्या राय मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वालीं दूसरी भारतीय सुन्दरी बनीं। इस प्रतियोगिता में इन्हें मिस फोटोजेनिक के खिताब से भी नवाजा गया। प्रतियोगिता को जीतने के बाद ऐश्वर्या राय ने सामाजिक सरोकार में काम किया और और अंतरराष्ट्रीय मौका मिला है।



# करण का खुलासा

सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री अवॉर्ड का वितरण हो चुका है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सभी विजेता को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। जिसमें बॉलीवुड की कई हस्तियों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया है। पद्म श्री अवॉर्ड सम्मानित फिल्म निमार्ता करण जौहर ने पोस्ट शेयर कर बताया है कि उनके जुड़वा बच्चे यश और रूही ने अवॉर्ड पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और कई सवाल पूछें हैं। करण जौहर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पद्म श्री अवॉर्ड के साथ तस्वीरें की हैं, जिनमें वो बेहद खुश नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर उन्होंने कैप्शन लिखा, बीती शाम के बारे में... मेरी जिंदगी का वास्तव में एक यादगार क्षण.. मुझे पता था कि मैंने अपने पिता को इतना गौरवान्वित किया होगा और अपनी मां को खुश किया है। उन्होंने आगे बताया कि मेरे बच्चों ने मुझसे पूछा कि क्या दादा ने भी पदक जीता है। और मैंने जवाब दिया हां मैंने उनसे कहा मुझे आशा है कि आप भी एक दिन ऐसा करेंगे। पद्म श्री..विन्रम और सम्मानित धन्यवाद। करण की इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है और बॉलीवुड कलाकार कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



# अरण्यक की रिलीज डेट कंफर्म

बॉलीवुड की मस्त-मस्त गर्ल रवीना टंडन नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज अरण्यक से ओटीटी डेब्यू कर रही हैं। इस बहुप्रतीक्षित सीरीज की रिलीज कन्फर्म हो गयी है। नेटफ्लिक्स ने मंगलवार को टीजर के साथ सीरीज की रिलीज डेट की घोषणा की। इस मिस्ट्री-थ्रिलर सीरीज में रवीना एक पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी। लगभग एक मिनट के टीजर की शुरूआत पहाड़ों से होती है। वॉइसओवर में बच्चा पूछता है, दादू आज बंदूक क्यों निकाली है? दृश्य बदलता है। पुलिस की वर्दी टंगी है, जिस पर कस्तूरी डोगरा नाम की प्लेट लगी है। वयस्क आवाज आती है कि कल चंद्रग्रहण था। दृश्य बदलता है और एक काले चीते जैसा जानवर हमला करता है। बच्चे की आवाज फिर आती है- तो? वयस्क आवाज जवाब देती है- वो आ सकता है। बच्चा पूछता है- कौन? जवाब मिलता है- चंद्रग्रहण की रात को वो निकलता है खून पीने। दृश्यों में रवीना टंडन की एंट्री होती है, जो पुलिस यूनिफॉर्म पहने हुए चेहरे पर डर के भाव कुछ रहस्मयी दृश्य आते हैं। जंगल में कुछ खोज रही हैं। ऊंचे पेड़ पर एक छिन्न-भिन्न लाश टंगी दिखती है। आशुतोष राणा, परमब्रत चटर्जी, जाकिर हुसैन, मेघना मलिक की झलकियां दिखायी देती हैं। इस टीजर से वेब सीरीज के मिजाज का अंदाजा लगता है। अरण्यक मिस्ट्री, सुपरनेचुरल, क्रीचर, थ्रिलर सीरीज है। सीरीज नेटफ्लिक्स पर 10 दिसंबर को रिलीज हो रही है। नेटफ्लिक्स ने टीजर शेयर करके लिखा है- सब कुछ वैसा नहीं होता, जैसा दिखता है। अपनी आंखें खुली रखना और पलक मत झपकाना। अंधेरे में कुछ है, जो देख रहा है। अरण्यक नेटफ्लिक्स पर 10 आ रही है।





दिसम्बर को